>

Title : Need to extend Samastipur-Khagaria Passenger Train (Train No. 364) up to Saharsa Junction in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): महोदय, पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत मानसी-सहरसा रेलखंड के बीच पैसेंजर गाड़ियों की कमी के कारण रेल यात्रियों को भारी कठिनाई हो रही है जिससे दोपहर में चलने वाली हाटे बाजारे एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस को लोग बीच-बीच में रोककर प्रभावित करते हैं। गाड़ी संख्या 364 डाउन समस्तीपुर-खगड़िया पैसेंजर खगड़िया जंक्शन पर 11.15 बजे पहुँचकर, उसके रैक एवं इंजन लगभग पाँच घंटे तक खगड़िया में ही रुकी रहती है। खगड़िया से सहरसा की दूरी मात्र पचास किलोमीटर है, पैसेंजर गाड़ी को खगड़िया से सहरसा जाने एवं आने में मात्र दो घंटे तीस मिनट लगते हैं। उक्त गाड़ी का सहरसा तक विस्तार करने से रेल यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ रेलवे को आर्थिक लाभ भी मिलेगा, साथ ही दोपहर में चलने वाली एक्सप्रैस गाड़ी भी सुगमतापूर्वक चलेगी।

अतःगाड़ी संख्या 364 डाउन समस्तीपुर-खगड़िया पैसेंजर गाड़ी का विस्तार खगड़िया जंक्शन से सहरसा जंक्शन तक किया जाए।